कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0– कीर्तिनगर

Phone no./Fax no. 01370-260070 E.mail- eepwdkirtinagar@rediffmail.com

पत्रांक 683/33 सी दिनांक 28/3/2018

**सेवा में,**

**प्रभागीय वनाधिकारी**
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनिकीरेती।

विषय – जनपद टिहरी गढ़वाल के अंतर्गत नाण्ड़ी–सेलसैण–मठुरगांव मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.8225 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ – **आपका पत्रांक 1718/12–1(2) दिनांक 29.01.2018**

महोदय,

विषयवर्णित मार्ग की सैद्धान्तिक स्वीकृति भारत सरकार के पत्रांक 8वी0/यू0सी0पी0/06/249/2015/एफ0सी0/1614 दिनांक 28.12.2017 द्वारा प्राप्त है। भारत सरकार के पत्र के अनुसार सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो की अनुपालन आख्या एवं आपके उक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा वांछित विवरण निम्न प्रकार प्रेषित किया जा रहा है।

शर्त सं0 1 :– प्रस्तावित परियोजना में 900 वृक्षों के वृक्षारोपण वसूली वर्ष 2017–18 हेतु रू0 900000.00 (नौ लाख मात्र) ऑन लाईन दिनांक 22.03.2018 को चालान द्वारा जमा कर दी गई है (चालान की फोटो प्रति संलग्न है)

शर्त सं0 2 :– एन0पी0बी0 की धनराशि रू0 695013.00 (छै लाख पिच्चानवे हजार तेरह मात्र) चालान द्वारा ऑन लाईन जमा की गई है। (चालान की फोटो प्रति संलग्न है)

शर्त सं0 3 :– आपके द्वारा उक्त सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में दिये गये ड़िमाण्ड़ नोट के आधार पर वांच्छित धनराशि CAMPA FUND में नई दिल्ली को ऑन लाईन चालान द्वारा जमा की गई है। (चालान की फोटो प्रति संलग्न है)।

शर्त सं0 4 :– सड़क निर्माण के पश्चात जहां सम्भव हो सड़क के दोनो किनारों तथा सैन्टरल बर्ज पर प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अपने व्यय पर वन विभाग की देख रेख में स्ट्रिप प्लान्टेशन की जायेगी की बचत बद्धता का प्रमाण पत्र संलग्न है। उक्त के अतिरिक्त भू–वैज्ञानिक के सुझाव का प्रमाण पत्र एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त वनाधिकार अधिनियम 2006 (एफ0आर0ए0) का प्रमाण पत्र संलग्न है।

शर्त सं0 5 :– प्रस्तावित मोटर मार्ग का ड़िजिटल मानचित्र भाग–I के पैरा सी0 में अपलोड़ कर मूल प्रति सहित चार प्रति में संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त मार्ग की विधिवत स्वीकृति हेतु प्रकरण भारत सरकार को अपनी संस्तुति सहित प्रेषित करने की कृपा करें तथा मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों के छपान व कटान के आदेश निर्गत करते हुए कार्य प्रारम्भ की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार चार–चार प्रतियों में।

27/3/18

**(इं0 जे0एस0 चौहान)**
**अधिशासी अभियन्ता**
अ0ख0,लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0– कीर्तिनगर

पत्रांक 683/33 सी दिनांक 28/3/2018

प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को सूचनाथ प्रेषित।

प्रतिलिपि अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी को सूचनार्थ प्रेषित।

**अधिशासी अभियन्ता** 27/3/18
अ0ख0,लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0– कीर्तिनगर